आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 08.03.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा बढाने और भीड़ को नियंत्रित करने के कई उपायों की घोषणा की।
- प्रदेशभर में संचालित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ा जायेगा।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में पुलिस भर्ती चयन प्रक्रिया जारी रखने के राज्य सरकार को निर्देश दिए।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए भीड़ को नियंत्रण करने के कई उपायों की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

~~रेलवे ने 60 स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षा क्षेत्र बनाने का फैसला किया है। इसके लिए नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। इसके अलावा, 60 स्टेशनों पर प्रवेश नियंत्रण शुरू किया जाएगा। केवल कन्फर्म आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर सीधे प्रवेश की अनुमति होगी। वेटिंग लिस्ट टिकट वाले या बिना टिकट वाले यात्रियों को स्टेशन के बाहर चिन्हित क्षेत्रों में इंतजार करना होगा। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए स्टेशनों पर नए डिजाइन वाले फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। प्रमुख स्टेशनों पर अब वॉर रूम होंगे, जहां विभिन्न रेलवे विभागों के अधिकारी भीड़ बढ़ने और आपात स्थिति के दौरान समन्वय स्थापित करेंगे।~~

विद्या समीक्षा केंद्र

विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत प्रदेशभर में संचालित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ा जायेगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में गढ़वाल मण्डल के आवासीय विद्यालयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवासीय विद्यालयों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केन्द्र से जुड़ने पर आवासीय विद्यालय ऑनलाइन मोड में आ जायेंगे, जिससे उनकी निगरानी के साथ ही समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण किया जा सकेगा। डॉ. रावत ने कहा कि इन विद्यालयों के प्रधानाचार्य और वार्डन को प्रबंधन कौशल विकास के लिये आईआईएम काशीपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

साथ ही इन्हें चरणबद्ध तरीके से सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, नैनीताल का शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया जायेगा, ताकि आवासीय विद्यालयों में प्रबंधन व शैक्षणिक गतिविधियों को और सुदृढ़ किया जा सके। विभागीय मंत्री ने छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिये आवासीय विद्यालय और छात्रावासों में प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर लगाने और सप्ताह में फार्मासिस्ट या नर्सिंग अधिकारी की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। बैठक में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के साथ ही अहम निर्णय भी लिये गए।

मुख्य सचिव

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण 2.0 सर्वे में सभी पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण, केंद्र सरकार की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च, 2025 तक करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवालय में राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए। बैठक में उत्तराखण्ड को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री जनमन योजना में देश में प्रथम आने पर मुख्य सचिव ने ग्राम्य विकास की सचिव राधिका झा व उनकी टीम को बधाई दी।

ओलम्पिक चिंतन शिविर

ओलंपिक–2028 की तैयारियों और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से तेलंगाना में दो दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्री, वरिष्ठ खेल प्रशासक और विशेषज्ञों ने भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने की रणनीति पर चर्चा की। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का विजन रखा है, जिसके लिए सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा। वहीं, चिंतन शिविर में प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या भी शामिल हुईं। उन्होंने गांव, कस्बे और शहर में स्कूल स्तर पर ही प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उनकी तैयारी करने पर बल दिया, ताकि ओलंपिक जैसी स्पर्धा में देश के खिलाड़ी चैंपियन बन सकें।

पुलिस भर्ती

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में 2 हजार पदों पर चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चयन प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परिणाम बिना न्यायालय की अनुमति के घोषित नहीं करने के निर्देश दिये। मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई की।

<u>अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस</u>

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण धुरी हैं और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं साहस, आत्मनिर्भरता और कर्तव्यपरायणता की प्रतीक हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में वे न केवल परिवार की देखभाल करती हैं, बल्कि कृषि, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं, पौड़ी गढ़वाल निवासी ओलम्पियन और एथलीट अंकिता ध्यानी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकाशवाणी के साथ एक संदेश साझा किया है।

<u>अस्थायी पुल</u>

चमोली जिले के गोविंदघाट में अलकनंदा नदी पर पुलना गांव और हेमकुंड साहिब जाने वाले मार्ग के लिए लोक निर्माण विभाग ने अस्थायी पुल बना दिया है। पिछले दिनों भूस्खलन के कारण अलकनंदा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे पुलना गांव और हेमकुंड साहिब जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया था। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

<u>सांस्कृतिक संध्या</u>

राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव के पहले दिन कल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम में जौनसारी कलाकारों ने प्रदेश के प्रसिद्ध हारूल और तांदी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। इन पारंपरिक नृत्यों में उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत चित्रण देखने को मिला। इसके अलावा संस्कार सांस्कृतिक दल ने कुमाऊँनी और गढ़वाली लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं, भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय के छात्रों ने भी लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- केंद्र सरकार ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा बढाने और भीड़ को नियंत्रित करने के कई उपायों की घोषणा की।
- प्रदेशभर में संचालित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ा जायेगा।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में पुलिस भर्ती चयन प्रक्रिया जारी रखने के राज्य सरकार को निर्देश दिए।

- और, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।